FYBA
17/4118
2 to 5
Page 2

Hin I

Q. P. Code : 32819

45

(समय : ३ घंटे)

कुल अंक : 100

Please check whether you have got the right question paper.

प्र .1 निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए— (२४)

१) ''वे बीजगुप्त की भाँति श्वेतांक को अपना स्वामी समझते थे। भोग विलास के समस्त साधन श्वेतांक के सामने उपस्थित थे। नगर के प्रभावशाली व्यक्तियों से उसका परिचय हो गया था।''

अथवा

''देव ! मैं इसका उत्तर देने में असमर्थ हूँ।मैं गुरुदेव से ज्ञान पाने को आई हूँ—मैं गुरुदेव से जीवन के लक्ष्य को देखने आई हूँ। ब्रह्म को जानने के लिए आई हूँ।''

२) ''किसान खेत से चने के पौधे उखाड़ने लगा। छोटा अफसर उसके सिर पर तना खड़ा था। इधर मैं और वह बड़ा अफसर चहलकदमी करते रहे, वह बोला, 'मुझे खेतों में अच्छा लगता है। यहाँ सचमुच जीवन है, शान्ति है, सुख है।' वह जाने क्या- क्या बोलने लगा।''

अथवा

''पर अभी जीवन के दूसरे दशक में ही थी और हर नयी चीज के प्रति उत्साह था। इसी से बहुत सारे हादसों के बीच से गुजरते हुए भी उसका सुखद पक्ष कष्टों से बचाता रहा। देखा जाए तो ब्रुसेल्स पहुँचने के पहले दिन ही अजीब सी घटना घटी। एक तो बिना मदद के बच्चों के देख- रेख की आदत नहीं थी। ऊपर से जैटलैग।''

प्र. २ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए— (३०)

१) 'चित्रलेखा' की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

बीजगुप्त सांसारिक वैभव का परित्याग क्यों करता है ? उपन्यास के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

२) 'चीनी फेरी वाला' के जीवन संघर्ष का विस्तार से वर्णन कीजिए।

अथवा

'आचरण की सभ्यता' निबंध का सारांश लिखिए।

प्र. ३ निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए— (१५)

१) 'चित्रलेखा' उपन्यास की कथावस्तु लिखिए।

अथवा

२) 'अस्थियों के अक्षर' में लेखक ने अपने जीवन की घटनाओं का कारुणिक वर्णन किया है ? इस कथन पर प्रकाश डालिए।

926325B547BA5EC7DB1E74C071153D67

FYBA
17/4/18
2 to 5
pages 2

Hin I

Q. P. Code : 32819

प्र.४ टिप्पणियाँ लिखिए– (१६)

१) कुमारगिरि का चरित्र- चत्रिण।

अथवा

श्वेतांक का जीवन परिचय।

२) भोर का तारा का 'शेखर'।

अथवा

'तूफान के विजेता' में बंगाल का करुण चित्रण।

प्र.५ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए– (१५)

१. श्वेतांक के गुरु का नाम बताइए।
२. विशालदेव कुमारगिरि के पास क्यों जाता है ?
३. चित्रलेखा कौन थी ?
४. बीजगुप्त कहाँ का सामंत था ?
५. श्वेतांक का विवाह किससे हुआ ?
६. चित्रलेखा दीक्षा लेने किसके पास गयी ?
७. बीजगुप्त ने अपनी संपत्ति किसे दान कर दी ?
८. चीनी का जन्म कहाँ हुआ था ?
९. छोटे अफसर ने किसान से जीप में क्या रखवाने को कहा ?
१०. भोर का तारा के एकांकीकार कौन हैं ?
११. तूफान के विजेता संस्मरण है या रिपोर्ताज ?
१२. आचरण की सभ्यतामय भाषा कैसी होती है ?
१३. भिखारीलाल किसे सामाजिक दबाव से बचने के लिए स्कूल भेजते थे ?
१४. ब्रुसेल्स में लेखिका के परिवार में कौन-कौन था ?
15. छाया किसकी बहन थी ?

****

926325B547BA5EC7DB1E74C071153D67